
CITY OF PARRAMATTA

## कार्टर स्ट्रीट परिसर

# सड़कों, गलियों, रास्तों और खुली जगहों का नामकरण





*होमबुश बे का एबेट्वार स्टॉकयार्ड, न्यू साउथ वेल्स, सिरका 1920 फेयरफेक्स मीडिया।*



## इस परियोजना के बारे में

काउंसिल उन नई सड़कों, गलियों, रास्तों और खुली जगहों के लिए प्रस्तावित नामों पर समुदाय से प्रतिक्रिया आमंत्रित कर रही है, जो जल्द ही लिडकॉम्ब में कार्टर स्ट्रीट परिसर का हिस्सा बनेंगे। आगामी 20 वर्षों में कार्टर स्ट्रीट परिसर और आसपास के क्षेत्र को एक नए, जीवंत समुदाय में परिवर्तित कर दिया जाएगा।

काउंसिल ने स्थापित मानकों को पूरा करने वाले प्रस्तावित नामों की सूची बनाने के लिए NSW भौगोलिक नाम बोर्ड (पृष्ठ 5 देखें) और अन्य प्रमुख हितधारकों के साथ मिलकर काम किया है। इन नामों का चयन वहाँ के प्राकृतिक परिदृश्य और वहाँ रहने वाले वन्यजीवों, जैसी उस स्थान की विरासत को दर्शाने के लिए किया गया है।

## अपनी बात रखें

हम आपको प्रस्तावित नामों पर प्रतिक्रिया देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। आप काउंसिल के पोर्टल **www.oursay.org/cityofparramatta** पर जाकर अपनी प्रतिक्रिया दे सकते हैं।

अन्यथा आपके विचार ईमेल द्वारा भी **haveyoursay@cityofparramatta.nsw.gov.au** स्वीकार किए जाएंगे:

कृपया विषय की पंक्ति में 'कार्टर स्ट्रीट परिसर' लिखें।

आप अपनी प्रतिक्रिया बुधवार, **4** सितंबर, **2019** को सुबह **9:00** बजे तक जमा करा सकते हैं।

## हम कार्टर स्ट्रीट परिसर में सड़कों, गलियों, रास्तों और खुली जगहों का नामकरण क्यों कर रहे हैं?

52 हेक्टेयर में फैला हुआ कार्टर स्ट्रीट परिसर, लिडकॉम्ब में सिडनी ओलंपिक पार्क के दक्षिण-पश्चिम और एम4 मोटरवे के उत्तर में स्थित है। यह जगह पहले एक बड़े मीट प्रोसेसिंग परिसर का हिस्सा थी, जिसमें वर्तमान सिडनी ओलंपिक पार्क भी शामिल था और 2015 में, NSW के योजना मंत्री द्वारा यहां आवास बनाने हेतु इसे क्षेत्रों में पुनर्विभाजित किया गया था। इस जगह के लिए प्रस्तावित योजनाओं में लगभग 5,500 नए घर, रिटेल खुदरा बिक्री इकाइयाँ, व्यवसायिक पार्क, एक नया प्राईमरी स्कूल, 1.8 हेक्टेयर में फैला पार्क और सिडनी ओलंपिक पार्क और पार्कलैंड तक नए सम्पर्कों का निर्माण शामिल हैं।

इस क्षेत्र के परिवहन बुनियादी ढाँचे की योजनाओं में बड़े बदलावों के बाद, जिसमें Parramatta लाइट रेल रुट की घोषणा भी शामिल है, इस जगह के लिए संशोधित मास्टरप्लान तैयार किया गया और वर्ष 2018 के उत्तरार्ध में योजना और पर्यावरण विभाग द्वारा इसे सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया गया।

कार्टर स्ट्रीट परिसर के भीतर जगहों का नामकरण कई चरणों में किया जाएगा।

पहले चरण में बारह नई सड़कों, गलियों और रास्तों का नामकरण किया जाएगा। आशा है कि दूसरे चरण में परिसर की बाकी जगहों के नामकरण के प्रस्ताव तैयार किया जाएगा (नक्शा पृष्ठ 4 पर देखें)।

## नामकरण की प्रक्रिया

प्रस्तावित नाम काउंसिल की सड़क नामकरण नीति (संख्या 283) और NSW भौगोलिक नाम बोर्ड (GNB) स्थान नामकरण नीति (2018) के अनुसार तैयार किए गए थे।

GNB स्थानों के लिए ऐसे नामों को प्रोत्साहित करता है जो किसी स्थान की विरासत, संस्कृति और पहचान को दर्शाएँ और वहाँ के निवासियों और व्यापक समुदाय के लिए विशिष्ट और यादगार बन सकें।

प्रस्तावित नामों पर निर्णय लेने के लिए काउंसिल ने इस क्षेत्र से जुड़ी लोकप्रिय कहानियों और इतिहास को जानने के लिए व्यापक शोध किया। काउंसिल ने स्थानीय ऐतिहासिक समाज, काउंसिल की विरासती सलाहकार समिति, सिडनी ओलंपिक पार्क प्राधिकरण और कई धर्मों के अनुयायियों से भी परामर्श किया।

GNB द्वारा प्रस्तावित नामों को प्राथमिक अनुमति दिए जाने के बाद अब काउंसिल सामुदायिक प्रतिक्रिया लेने के लिए व्यापक विचार विमर्श कर रही है।

नामकरण की प्रक्रिया दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण के लिए प्रस्तावित नाम (अधिक विवरण के लिए पृष्ठ 7-14 देखें) स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र के महत्वपूर्ण वन्यजीवों और लंबे समय तक इस क्षेत्र से जुड़े रहे NSW मांस उद्योग से प्रेरित हैं। गलियों, सड़कों और रास्तों के नाम इस स्थान की मांस उद्योग से जुड़ी महत्त्वपूर्ण विरासत से प्रेरित हैं।

इस परिसर के दूसरे चरण में सड़कों जलाशयों और दलदली जमीनों के पास की खुली जगहों के प्रस्तावित नाम होंगे। यह क्षेत्र दारुग लोगों के लिए बहुत महत्व रखता है। दूसरे चरण का नामकरण प्रस्ताव तैयार करने के लिए काउंसिल स्थानीय आदिवासी समुदायों और प्रमुख सलाहकार समूहों से बातचीत करेगी।




## कार्टर स्ट्रीट परिसर

- कार्टर स्ट्रीट परिसर
- गलियों के प्रस्तावित नाम
- रास्तों के प्रस्तावित नाम (पैदल)
- पार्कों के प्रस्तावित नाम
- खुली जगहें

खाली सड़कों और खुली जगहों का नामकरण परिसर नामकरण परियोजना के दूसरे चरण में किया जाना है।

## भौगोलिक नाम बोर्ड के बारे में

NSW भौगोलिक नाम बोर्ड (GNB) NSW में स्थानों के विवरणों और भौगोलिक नामों के नामकरण दर्ज करने से जुड़ा एक आधिकारिक निकाय है। NSW सड़कों के नामकरण हेतु शब्द चुनने के लिए विभिन्न सिद्धांत और बंधन हैं, जिनके आधार पर ऐसे शब्द चुने या प्रस्तावित किये जा सकते हैं।

GNB नीति का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि गलियों, सड़कों, रास्तों और खुली जगहों के नाम समुदाय को व्यापक रूप से स्वीकार्य हों और वर्तमान मानदंडों और मानकों पर पूरे उतरते हों।

GNB नीतियों के अनुरूप नामकरण के प्रस्ताव उस स्थान/क्षेत्र की पहचान और विरासत को दर्शाते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया NSW GNB स्थान नामकरण नीति यहां देखें: http://www.gnb.nsw.gov.au/__data/assets/pdf_file/0017/220148/GNB_Place_Naming_Policy_Sep2018.pdf

## कार्टर स्ट्रीट परिसर से जुड़ी कहानियाँ

दारुग लोगों का वांगल कबीला उस भूमि का पारंपरिक संरक्षक रहा है, जहां आज यह परिसर स्थित है। ये पारंपरिक संरक्षक हज़ारों पीढ़ियों से इस इलाके की देखभाल और भूमि जलाशयों का भरण पोषण करते आ रहे हैं। आज इसके आसपास स्थित खाडियां और झाड़ीदार भूमि एक समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में मदद करते हैं और ये दलदलीजमीनें विविध प्रवासी और देशी पक्षियों की 200 से अधिक प्रजातियों का निवास स्थल है।

1800 के दशक की शुरुआत में ब्रिटिश उपनिवेशवादियों ने अपने उपयोग के लिए इस क्षेत्र में जमीन ली। शुरू में वे अनाज और सब्जियां उगाना चाहते थे, लेकिन वियानामाटा शेल मिट्टी की उर्वरता जल्द ही खत्म हो गयी और फसलों की पैदावार कम होने लगी । इसके बजाय उपनिवेशवादियों ने आज के पारामेटा रोड और हसलाम क्रीक के बीच के इलाके में मवेशी और भेड़ें चराना शुरू कर दिया। 1870 के दशक में सिडनी मीट प्रिजर्विंग वर्क्स के शुरू होने के साथ ही मवेशियों, भेड़ों, सूअरों और बकरियों को रखने के लिए इस स्थान पर पशुबाड़े बनाए गए।

100 वर्षों से अधिक समय तक मांस उद्योग इस क्षेत्र की मुख्य गतिविधि रही, जो आज के सिडनी ओलंपिक पार्क के एक बड़े हिस्से में फ़ैली हुई थी। मांस से जुड़ी गतिविधियों ने स्थानीय और क्षेत्रीय समुदायों के जीवनयापन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

1916 में सरकारी बूचड़खाना खोला गया। आज के सिडनी ओलंपिक पार्क स्टेशन के पास स्थित यह बूचड़खाना काफी बड़े पैमाने और महत्व वाला था। 1923 में यह बूचड़खाना राष्ट्रमंडल में सबसे बड़ा बूचड़खाना बन गया और संभवतः यह दुनिया में सबसे बड़े बूचड़खानों में से एक था।

1960 के दशक में सेल्सहाउस और स्टॉकयार्ड के कुछ हिस्सों को वेयरहाउसिंग के काम हेतु औद्योगिक पार्क में परिवर्तित कर दिया गया और 1988 में सिडनी ओलंपिक खेलों के आयोजन हेतु इस बूचड़खाने को बंद कर दिया गया।

*स्रोत: https://dictionaryofsydney.org/entry/lidcombe*




*सरकारी बूचड़खाना, सिडनी ओलंपिक पार्क का स्मारक मोज़ेक पैनल, फोटोग्राफर पॉल के रॉबिंस।*

# कार्टर स्ट्रीट परिसर चरण 1

## पार्क और खुली जगहों के प्रस्तावित नाम

इस परिसर के पास स्थित खाडियां और झाड़ीदार भूमि पक्षियों, स्तनधारियों, सरीसृपों और मछलियों के समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र का सहारा हैं। ये दलदली जमीनें विविध प्रवासी और देशी पक्षियों की 200 से अधिक प्रजातियों का निवास स्थल हैं। यह प्रस्ताव रखा गया है कि पहले चरण में खुली जगहों का नाम उन मांसाहारी पक्षियों के नाम पर रखा जाए, जिन्हें सिडनी ओलंपिक पार्क सहित आसपास के पार्कों और दलदली जमीनों में देखा गया है। कई सड़कों के नाम भी महत्वपूर्ण पक्षी प्रजातियों पर आधारित हैं जो आसपास की दलदली जमीनों और जंगली भूमि में फलते-फूलते हैं। (नोट- चित्र केवल प्रतीकात्मक हैं)।



### ऑस्प्रे पार्क (**Osprey Park**)

ईस्टर्न ऑस्प्रे गहरे भूरे रंग के मुकुट वाला मध्यम आकार का शिकारी पक्षी है, जो उसके हल्के पीले रंग के पंखों से विरोधाभास उत्पन्न करते हैं। ऑस्प्रे भोजन की तलाश में नदी के ऊपर चक्कर लगाता है। शिकार नज़र आने पर यह पक्षी अपने पंख मोड़ कर शिकार पर झपट्टा मारता है और पंजों से भोजन झपट लेता है।

अण्डों के संग्रहण, शिकार और पेड़ काटने जैसे खतरों के कारण इसके प्रजनन में बाधा आती है, ओस्प्रे को लुप्तप्राय प्रजाति के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

*स्रोत: http://www.birdsinbackyards.net/species/Pandion-cristatus*



### केस्ट्रेल पार्क (**Kestrel Park**)

नानकिन केस्ट्रेल लोहे के चटक रंग वाला पक्षी है, जिसकी काले सिरे वाली पूंछ और शरीर के निचले मुलायम हिस्से पर भूरे और काले रंग की बिंदियाँ होती हैं। यह शिकारी पक्षी आमतौर पर खाने के लिए छोटे स्तनधारियों, चूहों, छिपकलियों और कीड़ों की खोज करता हुआ खुले मैदानों और घास के मैदानों के आसपास पाया जाता है। यह ऑस्ट्रेलिया भर में आम तौर पर सबसे अधिक देखे जाने वाले शीर्ष दस पक्षियों में से एक है। नानकिन केस्ट्रेल में एक ही जगह पर मंडराने की क्षमता होती है, जिससे वे शिकार नज़र आने पर उस पर झपट सकते हैं।

*स्रोत: https://www.australiangeographic.com.au/topics/wildlife/2017/02/guide-to-bird-watching-in-sydney/*



### लिटिल ईगल ग्रीन (**Little Eagle Green**)

लिटिल ईगल छोटा लेकिन शक्तिशाली पक्षी है, जिसका सिर छोटा, चौड़ी और मध्यम आकर की लंबी पूंछ होती है। इसके पंख हल्के से लेकर गहरे भूरे रंग के होते हैं। शरीर के ऊपरी हिस्से के आर-पार एक हल्का पीला टूटा हुआ 'M' और पखों के नीचे हल्के पीले M-आकार का बैंड इनकी आकर्षक विशेषताएं हैं।

लिटिल ईगल के पंख एक मीटर से अधिक लंबे और चौड़े होते हैं। हालांकि इस परिसर क्षेत्र में यह आमतौर पर नहीं मिलता है, लिटिल ईगल को तंग दायरों में उड़ते और अप-ड्राफ्ट पर ग्लाइडिंग करते हुए देखा गया है।

*स्रोत: http://www.birdsinbackyards.net/species/Hieraaetus-morphnoides*

# सड़कों, गलियों और रास्तों के प्रस्तावित नाम

कार्टर स्ट्रीट परिसर में 19वीं और 20वीं शताब्दी के मांस उद्योग से संबंधित महत्वपूर्ण विरासत मौजूद है। प्रस्तावित नाम इस स्थान, स्टॉकयार्ड और इस स्थल से जुड़े जानवरों के परिचायक हैं (ध्यान दें कि चित्र केवल प्रतीकात्मक हैं)।



## स्टॉकयार्ड रोड (Stockyard Road)

स्टॉकयार्ड रोड उन कई स्टॉकयार्ड्स के नाम पर प्रस्तावित है, जो NSW सरकारी बूचड़खानों से जुड़े हुए थे। सिडनी ओलंपिक पार्क में बूचड़खाना विरासत परिसर की संरक्षण प्रबंधन योजना के अनुसार, सरकारी बूचड़खाने 1907 में ग्लीबे से होमबश स्थानांतरित हो गए और 1988 में बंद हो गए। इस अवधि में यह ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा बूचड़खाना था, जो सिडनी में मांस के प्रसंस्करण , बिक्री और वितरण के केंद्रीकृत नियंत्रण का काम करता था। बूचड़खानों के पास 1,500 एकड़ (607 हेक्टेयर) ज़मीन थी, जिसका इस्तेमाल पास ही स्थित फ्लेमिंगटन सेलयार्ड से प्राप्त मवेशियों, सूअरों, बकरियों और भेड़ों को रखने और छांटने के लिए किया जाता था।

*स्रोत: पेज 14 पर अंत टिप्पणियां देखें।*



## शेल स्ट्रीट (Shale Street)

इस परिसर और इसके चारों ओर फैली हुई भूमि में शेल मिट्टी (महीन कण वाली चट्टान) की संरचना है। वियानमाटा शेल देशी वनस्पति के आसानी से उगने में मददगार होती हैं, हालांकि सब्जियों जैसी फसलों की कटाई मुश्किल साबित हो सकती है। जब शुरुआती निवासियों ने इस भूमि पर फसलों की खेती करने का प्रयास किया, तो शेल मिट्टी जल्द ही अपनी उर्वरता खो बैठी। पशु पालन जीवनयापन का प्रमुख साधन बन गया क्योंकि कृषि के हिसाब से मिट्टी बहुत ही निम्न दर्जे की थी।







## एग्रेट स्ट्रीट (Egret Street)

ईस्टर्न ग्रेट एग्रेट लंबा, सफेद पंखों वाला पानी का पक्षी है, जिसकी चोंच पीली और लंबी टांगें भूरी होती हैं। एग्रेट को खाड़ियों और दलदली जमीनों में उथले पानी में से निकलते हुए देखा जा सकता है, जहां वे मछली या मेंढकों का शिकार करते हैं। प्रजनन के मौसम में कई एग्रेट के चेहरों पर आकर्षक फ़िरोज़ी रंग उभर आता है।

*स्रोत: http://www.birdlife.org.au/bird-profile/eastern-great-egret*



## क्वेल स्ट्रीट (Quail Street)

भूरा क़्वेल छोटा सा, जमीन पर रहने वाला पक्षी है जिसका मिलना अक्सर मुश्किल होता है। यह पक्षी शर्मीला होता है, जो दलदली जमीनों या घास के मैदानों के बगल में निचले इलाकों में छिपना पसंद करता है और इसके पास जाने पर अक्सर उड़ जाता है।

*स्रोत: http://www.birdsinbackyards.net/species/Coturnix-ypsilophora*



## बाड़े स्ट्रीट (Paddock Street)

यूरोपीय उपनिवेशवादियों द्वारा आरंभ में खेत बनाए जाने के बाद से 1900 के दशक के उत्तरार्ध तक, आज का कार्टर स्ट्रीट परिसर पेडडॉक्स और स्टॉकयार्ड में विभाजित था।




## इबिस स्ट्रीट (Ibis Street)

ऑस्ट्रेलियन व्हाइट इबिस एक बड़ा पक्षी है, जिसका शरीर सफेद, सिर गंजा काला और गर्दन लंबी होती है। इसका प्राकृतिक आवास स्थलीय दलदली जमीनें , घास के मैदान और नदी के मुहाने के आश्रय स्थल है, जहाँ वे पेड़ों में घोंसला बनाते हैं और मेंढक, क्रेफ़िश, मछली, झींगुर और भृंग का शिकार करते हैं। शहरी वातावरण में भी इबिस की आबादी बढ़ रही है, जबकि प्राकृतिक आवासों में इसकी आबादी कम हो रही है।

*स्रोत: https://www.australiangeographic.com.au/topics/wildlife/2017/02/guide-to-bird-watching-in-sydney/*

*http://www.birdlife.org.au/bird-profile/australian-white-ibis*



## फेंस स्ट्रीट (Fence Street)

खेतीबाड़ी के शुरुआती दौर में जानवरों को बाड़े में और स्टॉकयार्ड के आसपास रखने के लिए बाड़ का उपयोग किया जाता था, स्टॉकयार्ड इस क्षेत्र में मांस उद्योग का प्रमुख हिस्सा था।



## ग्रेज़ियर स्ट्रीट (Grazier Street)

चरवाहा का अर्थ है वह व्यक्ति जो मवेशी या भेड़ को तब तक पालता है, जब तक यह बाजार में बेचने योग्य नहीं बन जाती है। चरवाहे और पशुपालक, कसाई और पशु विक्रेता जैसे अन्य पेशेवर मांस उद्योग के लिए महत्वपूर्ण थे। इस क्षेत्र के कई स्थानीय निवासी अत्यधिक कुशल थे और इसी स्थान पर या पशुपालन और इससे जुड़े मांस उद्योगों में काम करते थे।



## कैनिंग स्ट्रीट (Canning Street)

1700 के अंत में और 1800 की शुरुआत में डिब्बाबंद भोजन के डिब्बों की डिज़ाइन और निर्माण उत्पादन की तकनीक की बड़ी सफलता में सहायक था, जिससे मांस और अन्य खाद्य पदार्थों को आसानी से ले जाना और लंबी अवधि तक संरक्षित रखना संभव हो पाया।

अल्बन गी कुशल टेक्नोलॉजिस्ट थे, जो 1866 में इंग्लैंड से ऑस्ट्रेलिया आए थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में कई खाद्य कंपनियों में उन्नत संरक्षण तकनीकों की शुरुआत की, जिसमें सिडनी मीट प्रिजर्विंग कंपनी भी शामिल थी।

सिडनी मीट प्रिजर्विंग कंपनी चरवाहों के लिए अधिशेष स्टॉक को प्रसंस्कृत करती थी और अपने उत्पादों को ऑस्ट्रेलिया और एशिया, दोनों में बेचती थी। कंपनी द्वारा उन्नत तकनीक के सफल प्रयोग ने इसे ऑस्ट्रेलिया में फ़ूड प्रोसेसिंग करने वालों में अग्रणी बना दिया।

1917 में अल्बन की होमबुश में अपने घर पर मृत्यु हो गई। उनके स्मरण में लिडकॉम्ब में अल्बन स्ट्रीट का नामकरण किया गया है।

*स्रोत: टू फीड अ नेशनः अ हिस्ट्री ऑफ आस्ट्रेलियन फ़ूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी (To Feed a Nation: A History of Australian Food Science and Technology) कीथ थॉमस हेनरी फरार, पृष्ठ 35*

*https://trove.nla.gov.au/newspaper/article/15717129*
*https://pastlivesofthenearfuture.com/tag/abattoir/*







## फ्लॉक लेन (Flock Lane)

फ्लॉक आमतौर पर दो से अधिक भेड़ों या पक्षियों का समूह होता है।



## ड्रिफ्ट लेन (Drift Lane)

छोटे सूअरों के समूह को ड्रिफ्ट, ड्रोव या लिटर कहा जाता है। 1900 के दशक की शुरुआत में होमबुश में सरकारी बूचड़खानों की स्थापना के बाद सूअरों के ड्रिफ्ट को इस स्थान पर अक्सर होल्डिंग एरिया में रखा जाता था।



## फ़ीड स्ट्रीट (Feed Street)

स्टॉकयार्ड में रखे गए जानवरों को खाने के लिए दाने, घास, या अन्य पौधे दिये जाते थे।

# वैकल्पिक नाम

किसी कारण से प्रारंभिक प्रस्तावित नामों को अस्वीकार किये जाने की सूरत में विकल्पों की एक सूची तैयार की गई है। ऐसा होने पर गलियों, सड़कों, रास्तों और खुली जगहों के नाम नीचे दी गई सूची में से चुने जा सकते हैं। GNB दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करने हेतु इस सूची को तैयार करने में समान शोध और परामर्श किया गया। (ध्यान दें कि चित्र केवल प्रतीकात्मक हैं)।



## कूकू (कोयल) (Cuckoo)

पेलिड कूकू की पहचान इसके भूरे पंखों, भूरे रंग की चोंच और आंखों के चारों ओर बने विशिष्ट पीले रंग के छल्लों से की जा सकती है। कोयल आमतौर पर कीड़े खाती हैं, विशेषतया बालों वाले कैटरपिलर। इनके प्रिय आवासों में खुली दलदली जमीनें और खेती वाले खुले खेत शामिल हैं।

*स्रोत: https://australianmuseum.net.au/learn/animals/birds/pallid-cuckoo/*



## मेंढक (Frog)

धारीदार मार्श मेंढक तालाबों का निवासी है जो अक्सर जंगली और शहरी स्थानों में कई पोखरों और तालाबों में पाया जाता है। नर मेंढक की पुकार में एक विशेष 'हक्क' की आवाज़ आती है, जो टेनिस की गेंद पर बल्ला मारने जैसी लगती है।

*स्रोत: https://australianmuseum.net.au/learn/animals/frogs/striped-marsh-frog/*



## कबूतर (Pigeon)

क्रेस्टेड पिजिन पूरे ऑस्ट्रेलिया में घास के मैदानों, दलदली जमीनों और शहरी इलाकों में पाया जाता है। इन समुदाय में रहने वाले पक्षियों को अक्सर समूहों में देशी बीज और गैर-देशीय फसलें और घास फूस खाते हुए देखा जा सकता है।

*स्रोत: https://australianmuseum.net.au/learn/animals/birds/crested-pigeon/*







## टर्न (Tern)

कॉमन टर्न एक प्रवासी पक्षी है जो ऑस्ट्रेलिया लौटने से पहले प्रजनन के लिए साइबेरिया तक यात्रा करता है। यह अक्सर समुद्री तट और नदियों जैसे तटीय वातावरण में पाया जाता है, लेकिन उन्हें ताज़े पानी वाली दलदल और झीलों में भी देखा जा सकता है।

*स्रोत: http://www.birdsinbackyards.net/species/Sterna-hirundo*



## कोर्मोरेंट (Cormorant)

पाइड कोर्मोरेंट को उसकी पीठ और सिर के काले पंख, छोटी पीली चोंच और सफेद रंग के निचले शरीर से पहचाना जा सकता है। कोर्मोरेंट को मछलियों और क्रस्टेशियन की तलाश में दलदली जमीन के आसपास झुंडों में देखा जा सकता है।

*स्रोत: http://www.birdlife.org.au/bird-profile/little-pied-cormorant*

## आगे क्या होगा?

काउंसिल कार्टर स्ट्रीट परिसर के पहले चरण के लिए प्रस्तावित नामों की सूची पर समुदाय से प्रतिक्रिया मांग रही है। प्रतिक्रिया देने की अवधि समाप्त होने के बाद परियोजना टीम जमा की गई सभी प्रतिक्रियाओं की समीक्षा करेगी और अपनी सिफारिशों को पारित करने के लिए काउंसिल के सामने रखेगी। इसके बाद अंतिम मंजूरी के लिए ये नाम GNB को भेजे जाएंगे।

## अंत टिप्पणी

[i] मैप: सिडनी और उपनगरीय रेलवे इनसेट: एर्स्किनविले-लुईशाम; टेम्प -मैरिकविले; फ्लेमिंगटन -लिडकॉम्ब

[ii] https://search.sl.nsw.gov.au/primo-explore/fulldisplay?docid=SLNSW_ALMA21151598000002626&context=L&vid=SLNSW&search_scope=B-JM&tab=default_tab&lang=en_US\

[iii] https://www.town.com.au/town/lidcombe/?rdp_we_resource=https%3A%2F%2Fen.wikipedia.org%2Fwiki%2FSydney_Olympic_Park

[iv] एबेट्वार हैरिटेज प्रीसिंक्ट सिडनी ओलंपिक पार्क संरक्षण प्रबंधन योजना (सितंबर 2013)।

CITY OF PARRAMATTA